राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्
द्वितीय से पंचम तल, ब्लॉक–5, शिक्षा संकुल परिसर,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17
फोन नं: 0141–2709114 email : cmsmsa2018@gmail.com फैक्स: 0141–2701822

क्रमांक : रास्कूशिप / जय / सामु.गति. / बाल समारोह / दिशा–निर्देश / 2022–23 / 3029 दिनांक : 13/7/2022

# दिशा निर्देश

## (सत्र 2022–23)

## बाल समारोह

**प्रस्तावना :–**

यदि हम चाहते है कि समुदाय विद्यालयों में अपना सकारात्मक योगदान दे तो इसके लिए सर्व प्रथम यह आवश्यक है कि वे विद्यालय की तरफ आकर्षित हो और इसका सर्वोतम तरीका यह है कि अभिभावकों को उनके बच्चों द्वारा विद्यालय में की जाने वाली कुछ गतिविधियों को देखने व कुछ गतिविधियों में भाग लेने हेतु विद्यालय में आमंत्रित किया जाये। चाहे वह कोई भी अभिभावक हो, अपने बच्चों को किसी गतिविधि में भाग लेते हुए देखना तथा बच्चों के साथ गतिविधि में भाग लेना अत्यन्त सुखद अनुभव महसूस करते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए राज्य के प्रत्येक राजकीय प्राथमिक / उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालय में वर्ष 2022–23 में **"बाल समारोह"** गतिविधि आयोजित किये जाने हेतु 53095 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु राशि ₹ 106.19 /– लाख व 15360 माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों हेतु राशि ₹ 30.72 /– लाख का प्रावधान है।

इस समारोह में विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे – सांस्कृतिक, खेलकूद एवं साहित्यिक गतिविधि में भाग लेंगे तथा अभिभावक एवं जनप्रतिनिधि विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए देखने और प्रोत्साहित करने के लिए आमंत्रित किये जायेंगे। चूंकि इस गतिविधि को देखने व भाग लेने एवं छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु सभी अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं शिक्षक समारोह में एकत्रित होंगे। **अतः एसएमसी की साधारण सभा / एसडीएमसी की बैठक आयोजित करने का भी यह उपयुक्त अवसर है।** अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों का इस प्रकार विद्यालय में आना न केवल उनमें जागरूकता उत्पन्न करेगा बल्कि उनमें विद्यालय के प्रति अपनेपन की भावना भी उत्पन्न करेगा। **जिलेवार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य परिशिष्ट– 1 पर संलग्न है।**

## आयोजन की क्रियाविधिः–

- बाल समारोह प्रत्येक राजकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में **14 नवम्बर** को आयोजित किये जायेंगे।
- इसमे विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे तथा माता–पिता को बच्चों द्वारा भाग लिये जाने वाली प्रतियोगिताओं को देखने के लिए व बच्चों के साथ भाग लेने के लिए आमंत्रित किये जायेगें।
- यह प्रतियोगिताये साहित्यिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों से सम्बन्धित होंगी। **साहित्यिक प्रतियोगिताओं** में वाद विवाद, आशु भाषण, निबन्ध, प्रश्नोत्तरी, अंग्रेजी और हिन्दी शब्दों की अंताक्षरी आदि, **खेलकूद प्रतियोगिताओं** में खो–खो, कबडडी, चम्मच दौड़, 100 मीटर दौड़, रूमाल झपटा आदि एवं **सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं** में गायन, नृत्य, ड्रामा आदि लिये जा सकते हैं।
- इनके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर प्रचलित अन्य खेलकूद, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं को भी सम्मिलित किया जा सकता है। साहित्यिक प्रतियोगिताओं के लिए जैण्डर संवेदनशीलता, समावेशन, अनिवार्य बाल शिक्षा, स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, बाल अधिकार आदि क्षेत्रों से सम्बन्धित विषय लिये जा सकते हैं।
- प्रतियोगिता आयोजन हेतु विद्यालयों के विद्यार्थियों को तीन समूहों में बांटा जाये। जिसमें कक्षावार विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र.सं | विद्यालय का प्रकार | प्रथम समूह | द्वितीय समूह | तृतीय समूह |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक | कक्षा 1–2 | कक्षा 3–4 | कक्षा 5 |
| 2 | उच्च प्राथमिक | कक्षा 1–3 | कक्षा 4–5 | कक्षा 6–8 |
| 3 | माध्यमिक | कक्षा 1–5 | कक्षा 6–8 | कक्षा 9–10 |
| 4 | उच्च माध्यमिक | कक्षा 1–5 | कक्षा 6–8 | कक्षा 9–12 |

- उक्त प्रतियोगिताओं **में प्रथम, द्वितीय व तृतीय** स्थान पर रहने वाले छात्र/छात्राओं को ₹ 20/– के प्रतीक चिन्ह पुरस्कार के रूप में दिये जायेगें। सभी प्रतियोगितायें एवं पुरस्कार वितरण समाप्त होने के पश्चात् एसएमसी साधारण सभा/एसडीएमसी की बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में साधारण सभा के पिछली बैठक से अब तक कार्यकारिणी समिति द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा की जायेगी साथ ही बाल समारोह कार्यक्रम के बारे में अभिभावकों का **फीडबैक** लिया जायें। इसके अतिरिक्त

अनांमाकित एवं ड्राप आउट बच्चों को शिक्षा से जोड़ना, बच्चों की विद्यालय में नियमित उपस्थिति, गृह कार्य की नियमितता, उनकी शैक्षिक प्रगति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल अधिकार कार्यक्रम आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाये। बैठक का कार्यवाही विवरण विद्यालय रिकार्ड में संधारित कर रखा जाये।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के Task No. 198 अनुसार Social Issue and Stigmas पर प्रधानाचार्य, प्रशासक, परामर्शदाता और विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाया जाये जिससे मुख्य धारा से अलग–थलग एवं वंचित वर्ग को मुख्य धारा में शामिल किया जाये।

## प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्यय विवरण (प्रति विद्यालय)

(राशि रूपये में)

| गतिविधि | प्रथम समूह | द्वितीय समूह | तृतीय समूह | योग |
|---|---|---|---|---|
| साहित्यिक (प्रथम प्रतियोगितायें) | प्रथम पुरस्कार– ₹ 20 | प्रथम पुरस्कार– ₹ 20 | प्रथम पुरस्कार– ₹ 20 | 60 |
| खेलकूद (द्वितीय प्रतियोगितायें) | प्रथम पुरस्कार– ₹ 20 | प्रथम पुरस्कार– ₹ 20 | प्रथम पुरस्कार– ₹ 20 | 60 |
| सांस्कृतिक (तृतीय प्रतियोगितायें) | प्रथम पुरस्कार– ₹ 20 | प्रथम पुरस्कार– ₹ 20 | प्रथम पुरस्कार– ₹ 20 | 60 |
| योग | ₹ 60 | ₹ 60 | ₹ 60 | ₹ 180 |
| व्यवस्था एवं विविध व्यय | | | | ₹ 20 |
| सर्वयोग | | | | ₹ 200 |

बाल समारोह आयोजन पश्चात इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके विद्यालय रिकार्ड में रखी जाये तथा उसकी एक प्रति ब्लॉक कार्यालय को प्रेषित की जाये।

**प्रतिवेदन में निम्न बिन्दुओं को शामिल किया जाये** :–

- बाल समारोह में उपस्थित अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की संख्या (महिला एवं पुरूष संभागी अलग से दर्शाये)
- प्रतियोगिता हेतु नियुक्त निर्णायकों का विवरण
- सम्पूर्ण कार्यक्रम का समय विभाग चक्र।
- पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों का विवरण।

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | प्रथम समूह | द्वितीय समूह | तृतीय समूह |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम पुरस्कार | प्रथम पुरस्कार | प्रथम पुरस्कार |
| | | | | |

- प्रतियोगिताओं के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं बच्चों के विचार।
- प्रतियोगिता में यदि दान/उपहार या सहयोग प्राप्त हुआ है तो उसका सम्पूर्ण विवरण एवं भविष्य में प्रतियोगिता को और प्रभावी बनाने हेतु सुझाव।

विद्यालयों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर CBEO/PEEO कार्यालय एक संक्षिप्त रिपोर्ट बनाकर **जिला कार्यालय** को प्रेषित करेंगे। इसी प्रकार जिला कार्यालय भी CBEO/PEEO ब्लॉक कार्यालयों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार कर समारोह के कुछ अच्छे फोटोग्राफ्स शामिल करके **परिषद कार्यालय** में भेजा जाना सुनिश्चित करें।

**विशेष ध्यान देने योग्य बिन्दु :–**

- समारोह हेतु निर्धारित यूनिट कॉस्ट प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय ₹ 200/– से अधिक किसी भी स्थिति में खर्च नहीं करेंगे। **यद्यपि दानदाताओं/भामाशाहों से सहयोग लेकर समारोह को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।**
- बाल समारोह कार्यक्रम बाल दिवस **(14 नवम्बर)** पर आयोजित किया जाना है।
- निम्न प्रपत्र में उपलब्धि की सूचना परिषद् को उपलब्ध करायी जानी है।

**बाल समारोह आयोजन वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धि सूचना**

जिला :–

| क्र.स. | लक्ष्य | | उपलब्धि | |
|---|---|---|---|---|
| | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय |
| | | | | |

- बाल समारोह अवलोकन प्रपत्र **परिशिष्ट–2** पर संलग्न है।

**लेखा स्तर पर उल्लेखनीय बिन्दु :–**

1. जिस मद के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है, व्यय उसी मद में ही किया जायें।
2. व्यय राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रपत्र में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
3. राशि का उपयोग योजना के दिशा–निर्देशों, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की गाईड लाईन एवं लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 एवं वित्तीय नियमों की पूर्ण पालना करते हुये विहित प्रक्रियानुसार किया जाना सुनिश्चित किया जायें।

**नोटः–गतिविधि संचालन के दौरान कोविड–19 के सन्दर्भ में चिकित्सा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन तथा राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा समय–समय पर जारी समस्त दिशा–निर्देशों का पूर्णता से पालन किया जाना सुनिश्चित करें।**

(डॉ. मोहन लाल यादव)
राज्य परियोजना निदेशक

क्रमांक : रास्कूशिप / जय / सामु.गति. / बाल समारोह / दिशा–निर्देश / 2022–23 / 3029 दिनांक : 13/7/2022

**प्रतिलिपि :–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है :–**

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय, राजस्थान सरकार।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्यमंत्री महोदया, राजस्थान सरकार।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार।
4. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
5. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक / माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
6. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक, (I & II) राज. स्कू. शिक्षा परिषद्, जयपुर।
7. निजी सहायक, वित्तीय सलाहकार, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
8. उपायुक्त (योजना एवं शालादर्पण), राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
9. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, समस्त जिला को पालनार्थ।
10. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिला को पालनार्थ।
11. रक्षित पत्रावली।

अति. राज्य परियोजना निदेशक–द्वितीय

# Bal Samaroh

## Physical and Financial Target of Districts 2022-23

(Rs. in Lakhs)

| Sr. No. | DISTRICT | Total no. of School PS/Ups | Per School @200 Rs. | Total No. of Govt. Composite Sec./Sr. Sec. Schools* | Per School @200 Rs. | Total School (Ele+Sec. /Sr.Sec.) | Per School @200 Rs. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Phy. | Fin. | Phy. | Fin. | Phy. | Fin.(in lakhs) |
| 1 | AJMER | 1334 | 2.668 | 525 | 1.050 | 1859 | 3.718 |
| 2 | ALWAR | 2034 | 4.068 | 795 | 1.590 | 2829 | 5.658 |
| 3 | BANSWARA | 2733 | 5.466 | 464 | 0.928 | 3197 | 6.394 |
| 4 | BARAN | 1282 | 2.564 | 309 | 0.618 | 1591 | 3.182 |
| 5 | BARMER | 4091 | 8.182 | 721 | 1.442 | 4812 | 9.624 |
| 6 | BHARATPUR | 1201 | 2.402 | 555 | 1.110 | 1756 | 3.512 |
| 7 | BHILWARA | 2311 | 4.622 | 578 | 1.156 | 2889 | 5.778 |
| 8 | BIKANER | 1594 | 3.188 | 447 | 0.894 | 2041 | 4.082 |
| 9 | BUNDI | 975 | 1.95 | 275 | 0.550 | 1250 | 2.500 |
| 10 | CHITTAURGARH | 1405 | 2.81 | 411 | 0.822 | 1816 | 3.632 |
| 11 | CHURU | 896 | 1.792 | 513 | 1.026 | 1409 | 2.818 |
| 12 | DAUSA | 1184 | 2.368 | 385 | 0.770 | 1569 | 3.138 |
| 13 | DHAULPUR | 849 | 1.698 | 291 | 0.582 | 1140 | 2.280 |
| 14 | DUNGARPUR | 2274 | 4.548 | 399 | 0.798 | 2673 | 5.346 |
| 15 | GANGANAGAR | 1456 | 2.912 | 487 | 0.974 | 1943 | 3.886 |
| 16 | HANUMANGARH | 730 | 1.46 | 364 | 0.728 | 1094 | 2.188 |
| 17 | JAIPUR | 2767 | 5.534 | 986 | 1.972 | 3753 | 7.506 |
| 18 | JAISALMER | 1096 | 2.192 | 192 | 0.384 | 1288 | 2.576 |
| 19 | JALOR | 1482 | 2.964 | 396 | 0.792 | 1878 | 3.756 |
| 20 | JHALAWAR | 1361 | 2.722 | 328 | 0.656 | 1689 | 3.378 |
| 21 | JHUNJHUNU | 1010 | 2.02 | 530 | 1.060 | 1540 | 3.080 |
| 22 | JODHPUR | 2839 | 5.678 | 716 | 1.432 | 3555 | 7.110 |
| 23 | KARAULI | 1119 | 2.238 | 324 | 0.648 | 1443 | 2.886 |
| 24 | KOTA | 775 | 1.55 | 321 | 0.642 | 1096 | 2.192 |
| 25 | NAGAUR | 2292 | 4.584 | 756 | 1.512 | 3048 | 6.096 |
| 26 | PALI | 1340 | 2.68 | 501 | 1.002 | 1841 | 3.682 |
| 27 | PRATAPGARH (RAJ.) | 1509 | 3.018 | 214 | 0.428 | 1723 | 3.446 |
| 28 | RAJSAMAND | 1420 | 2.84 | 301 | 0.602 | 1721 | 3.442 |
| 29 | SAWAI MADHOPUR | 780 | 1.56 | 308 | 0.616 | 1088 | 2.176 |
| 30 | SIKAR | 1347 | 2.694 | 640 | 1.280 | 1987 | 3.974 |
| 31 | SIROHI | 760 | 1.52 | 239 | 0.478 | 999 | 1.998 |
| 32 | TONK | 1167 | 2.334 | 338 | 0.676 | 1505 | 3.010 |
| 33 | UDAIPUR | 3682 | 7.364 | 751 | 1.502 | 4433 | 8.866 |
| **Total** | | **53095** | **106.19** | **15360** | **30.72** | **68455** | **136.91** |

# बाल समारोह

अवलोकनकर्ता का नाम :– ............................पदः–.........................कार्यरत स्थान :–...............

विद्यालय का नाम :– .......................................... ब्लॉक :–....................जिलाः–..................

संस्थाप्रधान का नाम :–.............................................. मो.न. ..........................................

बाल समारोह के आयोजित की दिनांक :–......................

सम्पूर्ण कार्यक्रम का समय विभाग चक्र बना हुआ है या नहीं :– ..........................................

**आयोजित प्रतियोगितायें**

खेलकूद प्रतियोगिता का नाम :–.................................. भाग लेने वाले बच्चों की संख्या..........

साहित्यिक प्रतियोगिता का नाम :–............................... भाग लेने वाले बच्चों की संख्या..........

सांस्कृतिक प्रतियोगिता का नाम :–............................... भाग लेने वाले बच्चों की संख्या..........

प्रतियोगिताओं के निर्णय हेतु निर्णयाक दल का गठन किया गया है या नहीं .......................

निर्णायक दलों का कार्य संतोषजनक है या नहीं :– ..........................................................

साधारण सभा का आयोजन किया गया है या नहीं :– ..........................................................

**समारोह में उपस्थित अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की संख्या**

| कुल आमंत्रित अभिभावक | कुल आमंत्रित जनप्रतिनिधि | कुल उपस्थित अभिभावक | कुल उपस्थित जनप्रतिनिधि | उपस्थित अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों में से | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पुरूष | महिला | योग |
| | | | | | | |

यदि समारोह में भामाशाहों से सहयोग लिया गया है तो उसका विवरण :– .........................

..............................................................................................................................

समारोह के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के विचार :– ....................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

समारोह की व्यस्थाओं के बारे में टिप्पणी :–.......................................................................

..............................................................................................................................

व्यवस्थाओं में सुधार हेतु अवलोकनकर्ता द्वारा तत्काल निर्देश :–...........................................

..............................................................................................................................

अवलोकनकर्ता की टिप्पणी/ सुझाव :–...................................................................................

..............................................................................................................................

अवलोकनकर्ता के हस्ताक्षर